# कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी, वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

पत्रांक–2232 / FP/UK/ROAD/23279/2016 :देहरादूनःदिनांकः 25 फरवरी,2019

सेवा में,

अपर प्रमुख वन संरक्षक,
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय,
क्षेत्रीय कार्यालय–(उत्तर मध्य क्षेत्र)
25–सुभाष रोड, देहरादून।

विषयः–जनपद–नैनीताल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अन्तर्गत लोहाली से थुवा ब्लाक मोटर मार्ग के निर्माण हेतु 4.9875 हे0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु ग्राम्य विकास विभाग को प्रत्यावर्तन।

संदर्भः–भारत सरकार,पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की पत्र संख्या–8बी/यू.सी.पी./06/07/2018/एफ0सी0/1587 दिनांक 31–10–2018,

महोदय,

कृपया भारत सरकर, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिससे भारत सरकार द्वारा विषयांकित प्रकरण में वन संरक्षण अधिनियम, 1980 के अन्तर्गत कतिपय शर्तों के तहत सैद्धान्तिक स्वीकृति निर्गत की गयी है। प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा सैद्धान्तिक स्वीकृति की अनुपालन आख्या इस कार्यालय को प्रेषित की गयी है, जो निम्न प्रकार संलग्न कर प्रेषित की जा रही हैः–

1. शर्त संख्या–1 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा क्षतिपूरक वृक्षारोपण एवं 10 वर्षो तक रख–रखाव हेतु देय धनराशि रू0 2779683.00 मात्र ऑनलाईन चालान के माध्यम से सम्बन्धित कोष में जमा की जा चुकी है व क्षतिपूरक वृक्षारोपण हेतु चयनित भूमि (ग्राम–हरतोला सिविल वन भूमि–9.975 हे0) का वन विभाग के पक्ष में नामान्तरण/हस्तान्तरण किया जा चुका है। **(संलग्नक–1)**
2. शर्त संख्या–2 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा ओक वृक्षों के वृक्षारोपण किये जाने की बचनबद्धता का प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। **(संलग्नक–2)**
3. शर्त संख्या–3 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा एन0पी0वी0 की देय धनराशि रू0 4214438.00 मात्र ऑनलाईन चालान के माध्यम से सम्बन्धित कोष में जमा की जा चुकी है।
4. शर्त संख्या–4 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा प्रेषित एन0पी0वी0 की बचनबद्धता का प्रमाण–पत्र संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है। **(संलग्नक–3)**
5. शर्त संख्या–5 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा उपरोक्तानुसार कुल धनराशि रू 6994121.00 ऑनलाईन चालान के माध्यम से जमा कर दी गई है। **(संलग्नक–4)**
6. शर्त संख्या–6 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा मार्ग के दोनों किनारों तथा Central Verge पर वन विभाग देख–रेख में strip piantation किया जायेगा के सम्बन्ध में प्रमाण–पत्र संलग्न प्रेषित किया गया है, जिसकी प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है। **(संलग्नक–5)**
7. शर्त संख्या–7 के अनुपालन में प्रयोक्ता एजेन्सी द्वारा सूचित किया गया है कि मलवा निस्तारण हेतु चयनित स्थल (नाप भूमि) ऑनलाईन अपलोड नही हो पा रहा है।
8. शर्त संख्या–8 के अनुपालन में वांछित प्रपत्र संलग्न कर प्रेषित हैं। **(संलग्नक–6)**
9. शर्त संख्या–9 के अनुपालन में वृक्षारोपण की योजना संलग्न कर प्रेषित हैं।**(संलग्नक–7)**

अतः अनुरोध है कि विषयांकित प्रकरण में विधिवत स्वीकृति निर्गत किये जाने पर विचार करने का कष्ट करें।

**संलग्नः–यथोपरि**

भवदीय,

(ए0के0गुप्ता)
वन संरक्षक

संख्या /FP/UK/ROAD/23279/2016 दिनांकित।

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–**

1–प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल।
2–अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई खण्ड, पी0एम0जी0एस0वाई, ज्योलीकोट (नैनीताल)।

(ए0के0गुप्ता)
वन संरक्षक